### उपमंडल अधिकारी (ना) छछरौली जसपाल सिंह गिल ने सब तहसील और बीडीपीओ कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

# लोगों को कार्यालय आने पर उपलब्ध करवाई जाएं आवश्यक सुविधाएं

**साफ-सफाई पेयजल और बैठने की व्यवस्था का रखा जाए खास ख्याल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

छछरौली के उपमंडल अधिकारी (ना) जसपाल सिंह गिल ने शुक्रवार को कस्बा में सब तहसील कार्यालय और बीडीपीओ कार्यालय में औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आम नागरिकों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, साफ सफाई, पेयजल व्यवस्था तथा कार्यालय में बैठने की व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया।

उपमंडल अधिकारी (ना) जसपाल सिंह गिल ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्यालय में आने वाले प्रत्येक नागरिक को सम्मानजनक वातावरण एवं आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यालय में आने वाले किसी भी व्यक्ति को किसी भी परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।



यमुनानगर। छछरौली में सब तहसील कार्यालय का औचक निरीक्षण करते एसडीएम जसपाल सिंह गिल। फोटो : हरिभूमि

उपमंडल अधिकारी जसपाल सिंह गिल ने कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विभागीय कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरे किए जाएं तथा नागरिकों के कार्यों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने कहा कि कार्यालयों में अनुशासन, पारदर्शिता एवं जवाबदेही बनाए रखना प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी का दायित्व है और इसकी अनदेखी नहीं होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम जसपाल सिंह गिल ने कार्यालय परिसर की स्वच्छता व्यवस्था, रिकॉर्ड तथा कर्मचारियों की कार्यप्रणाली का भी अवलोकन किया। उन्होंने निर्देश दिए कि कार्यालय परिसर को स्वच्छ एवं व्यवस्थित रखा जाए तथा नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

#### जन शिकायतों के निस्तारण में न करें लापरवाही

इसके उपरांत उपमंडल अधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में उन्होंने सीएम विंडो, सीपीग्राम, आरटीएस तथा एसएमजीटी पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी लंबित मामलों की जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का गंभीरता से अध्ययन कर उसका गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि जन शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी नियमित रूप से पोर्टलों की निगरानी करें और लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शिकायतों का समय पर समाधान होने से आमजन का प्रशासन पर विश्वास मजबूत होता है तथा सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक प्रभावी रूप से पहुंचता है। इस अवसर पर नायब तहसीलदार आनंद रावल, प्रताप नगर की बीडीपीओ शबनम रेहलान, बीडीपीओ छछरौली कार्तिक चौहान आदि मौजूद रहे।

### नियमित की गई कॉलोनियों में विकास कार्य करवाना प्राथमिकता

# 76 कॉलोनियों की अब बदलेगी सूरत, पक्की सड़कें, स्ट्रीट लाइटें कहेंगी विकास की कहानी

**सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने विकास कार्यों को लेकर निगम अधिकारियों के साथ की बैठक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा सरकार द्वारा ट्विन सिटी में नगर निगम क्षेत्र की नियमित कई गई 76 कालोनियों में विकास कार्यों को लेकर निगम अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने की। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा, निगमायुक्त महाबीर प्रसाद व मेयर सुमन बहमनी भी मौजूद रहे।



यमुनानगर। नियमित कालोनियों में विकास कार्यों को लेकर आयोजित निगम अधिकारियों की बैठक में दिशा-निर्देश देते सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा। फोटो : हरिभूमि

विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि निगम क्षेत्र की 76 कॉलोनियों के नियमित होने से हजारों परिवारों को बड़ी राहत मिली है। अब इन क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति देना हमारी प्राथमिकता है।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन सभी कॉलोनियों में आगामी विकास प्रक्रिया जैसे पक्की सड़कें, नालियां, स्ट्रीट लाइट और पीने के पानी की व्यवस्था को लेकर जल्द से जल्द सर्वे कर विस्तृत कार्ययोजना (ब्लूप्रिंट) तैयार की जाए। ताकि बजट जारी होते ही काम शुरू किया जा सके। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य लोगों को जल्द से जल्द सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इस दौरान उन्होंने शहर में निर्माणाधीन व होने वाले विकास कार्यों को लेकर अधिकारियों से रिपोर्ट ली। इसके अलावा निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि जो परियोजनाएं पाइपलाइन में हैं या जिन पर काम चल रहा है उन्हें समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए। विकास कार्यों में पारदर्शिता और सामग्री की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए।

**साफ-सफाई, पक्की नालियों और शुद्ध पेयजल की व्यवस्था होगी चौक-चौबंद**

#### 30 साल से परेशान थे कॉलोनी के लोग

मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार का यह फैसला ऐतिहासिक और जनहितैषी है। यमुनानगर और जगाधरी की इन कॉलोनियों के निवासी पिछले लगभग 30 वर्षों से एक प्रशासनिक तकनीकी त्रुटि के कारण बुनियादी सुविधाओं और रजिस्ट्रियों के लिए परेशान हो रहे थे। विधायक घनश्याम दास अरोड़ा व मेयर सुमन बहमनी के निरंतर प्रयासों और मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता के कारण आज इन हजारों परिवारों को बहुत बड़ी राहत मिली है। सरकार के इस कदम से न केवल इन क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति मिलेगी। बल्कि एनडीसी पोर्टल पर आ रही तकनीकी दिक्कतें दूर होने से लोग अब आसानी से अपने मकानों की रजिस्ट्री करवा सकेंगे और नक्शे पास करा सकेंगे।



यमुनानगर। नि :शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में मरीजों की जांच करते चिकित्सक।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में 126 लोगों की जांची सेहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| !रादौर

- नवीन जिंदल फाउंडेशन द्वारा संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट ने गांव उन्हेड़ी में लगाया शिविर

नवीन जिन्दल फाउंडेशन की ओर से संचालित की जा रही मोबाइल मेडिकल यूनिट के तत्वावधान में गांव उन्हेड़ी व मारुपुर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मोबाइल मेडिकल यूनिट के चिकित्सकों द्वारा ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की। शिविर का शुभारंभ स्थानीय सांसद के कार्यालय के प्रभारी धर्मवीर सिंह ने किया।

कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि सांसद नवीन जिंदल द्वारा कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए मोबाइल मेडिकल यूनिट को शुरू किया हुआ है। जिसका संचालन नवीन जिंदल फाउंडेशन द्वारा किया जा रहा है। मोबाइल मेडिकल यूनिट रादौर क्षेत्र के गांव गांव जाकर लोगो के स्वास्थ्य की जांच कर रही है। इसी कड़ी में मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा गांव उन्हेड़ी व मारुपुर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें यूनिट में तैनात चिकित्सकों द्वारा 126 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस दौरान अधिकांश मरीज रक्तचाप, मधुमेह समेत विभिन्न सामान्य बीमारियों से पीड़ित पाए गए। जिन्हें यूनिट की ओर से मुफ्त में दवाइयां दी गई।

इस दौरान 25 लोगों के रक्त एवं युरिन का परीक्षण भी मौके पर ही किया गया। यूनिट के चिकित्सकों ने शिविर में पहुंचे लोगों को बीमारियों से बचाव के उपाय भी बताए।

## आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आधारित शिक्षण के नए आयामों पर हुआ मंथन

- दिल्ली पब्लिक स्कूल यमुनानगर में हुआ सीबीएसई का क्षमता निर्माण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। दिल्ली पब्लिक स्कूल में प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अध्यापक।

दिल्ली पब्लिक स्कूल में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के तत्वावधान में दिनांक 'कृत्रिम बुद्धिमता' विषय पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को एआई के नवीनतम आयामों से परिचित कराना तथा शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया में एआई के प्रभावी एवं नैतिक उपयोग के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम के रिसोर्स पर्सन के रूप में डॉ.राजीव कुमार चेची, डायरेक्टर - आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस(महर्षि मार्कंडेश्वर मुलाना) ने अपने गहन ज्ञान एवं व्यावहारिक अनुभव से प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने बताया कि कृत्रिम बुद्धिमता शिक्षा के क्षेत्र में केवल तकनीकी परिवर्तन नहीं, बल्कि शिक्षण पद्धति में गुणात्मक सुधार का माध्यम है। उन्होंने एआई आधारित शिक्षण उपकरणों, व्यक्तिगत अधिगम, मूल्यांकन, नवाचार तथा एआई के जिम्मेदार एवं नैतिक उपयोग पर विस्तार से चर्चा की।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न गतिविधियों, उदाहरणों तथा संवादात्मक सत्रों के माध्यम से शिक्षकों को एआई आधारित शिक्षण तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रतिभागियों ने सहभागिता करते हुए अपने अनुभव साझा किए तथा अनेक जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। विद्यालय के वाइस चेयरमैन रामनिवास गर्ग एवं प्रधानाचार्या पूर्णिमा वाधवा ने कार्यक्रम को शिक्षकों के व्यावसायिक विकास की दिशा में अत्यंत उपयोगी बताया। कहा कि ऐसे कार्यक्रम शिक्षकों को बदलते परिवेश के अनुरूप स्वयं को अद्यतन रखने तथा विद्यार्थियों को नवाचारपूर्ण शिक्षा प्रदान करने को प्रेरित करते हैं।

### आज रोटरी क्लब की नई कार्यकारिणी की इंस्टालेशन सेरेमनी

रादौर। रोटरी क्लब की नई कार्यकारिणी की इंस्टालेशन सेरेमनी शनिवार को शाम साढ़े 7 बजे सफल पैलेस में होगी। इसमें समाजसेवी भीम सिंह राठी बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। क्लब के मुख्य सलाहकार डॉ.एससी सैनी ने बताया कि कार्यक्रम में क्लब के नए प्रधान भारत माटिया, सचिव डॉ.शुभम सलूजा व अन्य पदाधिकारी नई कार्यकारिणी के सदस्यों के साथ शपथ ग्रहण करेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में क्लब की ओर से नए नए प्रोजेक्टों पर कार्य करने के लिए रणनीति तय की जाएगी। इस अवसर पर प्रधान सरदार हरजीत सिंह सैनी, जसवंत सिंह बंचल, अशोक मिगलानी, आशु वर्मा, बलिंद्र, मास्टर देवीदयाल अरोड़ा, मास्टर गुरचरण सिंह, मोहित गर्ग, पंकज गोयल, संदीप सचदेवा आदि मौजूद थे।



डॉ.एससी सैनी।

## एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, पेयजल की किल्लत दूर करवाने की उठाई मांग

- समस्या के समाधान की मांग को लेकर गांव चानौत हांसी में 50 दिनों से जारी है धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



रादौर। एसडीएम को ज्ञापन सौंपते किसान यूनियन के सदस्य व अन्य। फोटो : हरिभूमि

किसान संगठनों, सामाजिक संगठनों व गांव चानौत हांसी के ग्रामीणों ने शुक्रवार को भाकियू प्रदेश उपाध्यक्ष दीप राणा की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम रादौर को ज्ञापन सौंपकर गांव की वर्षों पुरानी पेयजल समस्या के स्थायी समाधान की मांग की है।

भाकियू द्वारा दिए ज्ञापन में मांग की गई है कि खानपुर वाटर वर्क्स से हांसी शहर को जाने वाली 36 इंच मुख्य पेयजल पाइपलाइन से गांव चानौत को 6 इंच का कनेक्शन उपलब्ध कराया जाए। गांव को अमृत-2 योजना से जोड़ा जाए। गांव में लंबे समय से पेयजल की गंभीर समस्या बनी हुई है। इस समस्या के समाधान की मांग को लेकर पिछले करीब 50 दिनों से गांव में शांतिपूर्ण धरना जारी है। भीषण गर्मी के बावजूद महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग भी आंदोलन में शामिल होकर अपनी जायज मांग उठा रहे हैं। 36 इंच की मुख्य पाइपलाइन गांव चानौत की जमीन से होकर गुजर रही है। हांसी तक पाइपलाइन बिछाने का कार्य किया जा चुका है, लेकिन गांव चानौत को इसका लाभ नहीं मिल रहा। पाइपलाइन का आकार बढ़ाकर गांव को भी अमृत-2 योजना से जोड़ा जा सकता है, जिससे गांव की वर्तमान और भविष्य की पेयजल आवश्यकताओं की पूर्ति हो सकेगी। मौके पर अशोक ढांगी, साहिल सेतिया, मास्टर जंगशेर, धर्मवीर अमलोहा, रोशन लाल पोटली, सतपाल पोटली, राजेश चमरोड़ी, रोहित दामला, योगेश्वर दत्त, जितेंद्र खजूरी, पवन दामला, विनोद डांगी व उदय सिंह कुंजल आदि मौजूद थे।

### बाबा धूनी गिरि महाराज की पुण्य स्मृति में भंडारा 11 जुलाई को

रादौर। कच्चे घाट पर स्थित बाबा धूनी गिरि जी महाराज की पुण्य स्मृति के उपलक्ष में शनिवार 11 जुलाई को दोपहर 12 बजे विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें हजारों लोग प्रसाद ग्रहण करेंगे। सेवादार सुनील वत्स ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत सुबह साढ़े 8 बजे सुंदरकांड पाठ, सुबह साढ़े 10 बजे हवन व दोपहर साढ़े 12 बजे विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति के अनुसार बाबा श्री धूनी गिरि जी महाराज की पुण्य स्मृति में होने वाले धार्मिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। कार्यक्रम के माध्यम से श्रद्धालु भक्ति, सेवा और सत्संग का लाभ प्राप्त करेंगे। आयोजकों ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में पहुंचकर धर्म लाभ लेने और भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है।

### मेयर कार्यालय में हुई पार्षदों और अधिकारियों की बैठक

# बरसात से पहले नालों की सफाई व्यवस्था करें दुरुस्त

**कार्य में लापरवाही मिलने पर एजेंसी के साथ निगरानी करने वाले अफसरों पर भी होगी कार्रवाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

ट्विन सिटी में चल रहे नालों की सफाई अभियान को लेकर मेयर कार्यालय में पार्षदों व सफाई एजेंसी के अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मेयर सुमन बहमनी ने की। मौके पर अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार भी मौजूद रहे।



यमुनानगर। मेयर कार्यालय में आयोजित सफाई एजेंसी के अधिकारियों व पार्षदों की बैठक में नालों की सफाई की समीक्षा करतीं मेयर समुन बहमनी।

मेयर ने सफाई एजेंसी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिस भी वार्ड में नालों की सफाई का कार्य शुरू होता है। उसकी सूचना संबंधित वार्ड के पार्षद को दी जाए। साथ ही नालों की सफाई होने के बाद पार्षदों को सूचना देकर उनकी संतुष्टि ली जाए। मेयर ने कड़े निर्देश दिए कि नालों का जो एरिया साफ नहीं होगा। उसकी अदायगी एजेंसी को नहीं की जाएगी। नालों की सफाई में लापरवाही मिलने पर एजेंसी के साथ निगरानी करने वाले अधिकारियों पर भी कार्रवाई की जाएगी। मेयर ने वार्ड पार्षदों से नालों की वर्तमान स्थिति और सफाई व्यवस्था का फीडबैक लिया। बैठक में पार्षद रीना रस्तोगी, अरुण कुमार, जयंत स्वामी, भानू प्रताप, प्रियांक शर्मा, श्याम लाल, संदीप धीमान, दीक्षित कुमार, विक्रम राणा, मनजीत कौर, पार्षद प्रतिनिधि कृष्ण सिंगला, पवन यादव, ईश्वर कांबोज व पवन कुमार ने नालों की वर्तमान स्थिति बताई। पार्षदों ने बताया कि उनके वार्ड में नालों की सफाई का कार्य कब होता है उन्हें यह जानकारी ही नहीं मिलती। मेयर ने एजेंसी को निर्देश दिए कि जिस भी वार्ड में नालों की सफाई का कार्य शुरू होता है। उसकी सूचना संबंधित वार्ड के पार्षद को दी जाए। साथ ही नालों की सफाई होने के बाद पार्षदों को सूचना देकर नाले की सफाई की संतुष्टि ली जाए।

#### प्रथम चरण के कार्य हो चुके हैं पूरे

बैठक में अतिरिक्त निगमायुक्त धीरज कुमार, सहायक अभियंता सुरेंद्र दहिया, मुख्य सफाई निरीक्षक हरजीत सिंह, मुख्य सफाई निरीक्षक विनोद बेनीवाल व कनिष्ठ अभियंता विशाल ने निगम द्वारा कराई जा रही नालों की सफाई की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में बड़े नालों की सफाई का कार्य पूरा कर लिया गया है। छोटे नालों की सफाई प्रगति पर है।

### राक्षी नदी के पुल के पास सड़क धंसने से लोगों की बढ़ी परेशानी

रादौर। गांव बापौली के नजदीक राक्षी नदी के पुल के पास सड़क के धंसने आए दिन वाहन चालक चोटिल हो रहे हैं। जिससे क्षेत्र के लोग परेशान हैं। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से सड़क की रिपेयर करवाए जाने की मांग की है। क्षेत्र के गांव सढुरा निवासी बलवान सिंह, देव सिंह, मलखान सिंह, भूपेंद्र सिंह, जगमोहन सिंह बापा, रामेश्वर बापा, डॉ. निसार बापा व सोनू आदि ने बताया कि कुछ वर्ष पहले गांव बापौली के नजदीक राक्षी नदी पर सरकार द्वारा पुल बनाया गया था। पुल बनने से दर्जनों गांव के लोगों का रास्ता आसान हो गया था। मगर अब पिछले कुछ दिन से पुल के नजदीक से सड़क नीचे धंस गई है। जिसके कारण सड़क पर आए दिन कोई ना कोई वाहन चालक चोटिल होने लगा है। इस संबंध में कई बार संबंधित विभाग को अवगत करवाया जा चुका है। मगर अभी तक सड़क की रिपेयर नहीं करवाई गई है। जिसका खामियाजा आसपास के गांवों के हजारों लोगों को भुगतना पड़ रहा है। पीडब्ल्यूडी विभाग के एसडीओ दलबीर सिंह राठी ने बताया कि राक्षी नदी पर बने पुल के पास धंसी सड़क को जल्द से जल्द ठीक करवा दिया जाएगा। सड़क के दुरुस्त होने के बाद लोगों को कोई परेशानी नहीं होगी।



रादौर। गांव बापौली के नजदीक राक्षी नदी के पुल के पास धंसी हुई सड़क। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### वेतन की मांग पर मीरी पीरी कर्मियों ने दिया धरना

**कुरुक्षेत्र।** शाहबाद के मीरी-पीरी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च सेंटर में सैलरी नहीं मिलने से नाराज स्टाफ ने अनिश्चितकालीन शांतिपूर्ण धरना शुरू कर दिया। डॉक्टर समेत करीब 325 कर्मचारी संस्थान के मेन गेट पर टेंट लगाकर धरने पर बैठ गए। भाकियू चढूनी के अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढूनी भी उनको समर्थन देने पहुंचे। धरने को लेकर मीरी-पीरी कर्मचारी संघर्ष समिति का गठन भी किया गया है। इसमें 11 सदस्यीय कमेटी पूरे आंदोलन का नेतृत्व कर रही है। स्टाफ का दावा है कि उनकी तीन महीने की सैलरी रुकी हुई है। इस वजह से उनका परिवार का खर्च चलाना मुश्किल हो रहा है।

### सेक्टर-30 में सत्यापन अभियान ने पकड़ी रफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन, सेक्टर-30 और बूथ कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में एसआईआर अभियान के तहत मतदाता सत्यापन का कार्य तेजी से जारी है। अभियान के तहत बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं को सत्यापन फॉर्म वितरित कर रहे हैं और उन्हें भरवाने का कार्य भी किया जा रहा है। रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान डॉ. केवल कृष्ण ने बताया कि पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा के मार्गदर्शन तथा प्रशासन के निर्देशानुसार बीएलओ, बूथ कमेटी और एसोसिएशन के सहयोग से अभियान संचालित किया जा रहा है। बीएलओ सुमन रानी द्वारा प्रत्येक घर में आवश्यक फॉर्म वितरित किए जा चुके हैं और अब तक लगभग 50 प्रतिशत फॉर्म भरने का कार्य पूरा हो चुका है।

### बीआर स्कूल के कैडेट्स ने जीते गोल्ड व सिल्वर पदक

**कुरुक्षेत्र।** बी.आर. इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के एनसीसी कैडेट्स ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित दस दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के छात्र आदेश ने 200 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं विद्यालय के कैडेट्स अनिक हुड्डा, प्रियांशु, आदेश, समर्थ, अशमीत सिंह, दक्ष, हरप्रीत और लक्षिता की टीम ने टग ऑफ वार प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान हासिल कर रजत पदक जीता। इस शानदार उपलब्धि पर कमांडिंग ऑफिसर हरप्रीत सिंह ने सभी विजेता कैडेट्स को पदक पहनाकर सम्मानित किया।विद्यालय प्रबंधन समिति के चेयरमैन दीपक चोपड़ा ने सभी विजेता छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### निदेशक कार्यालय पर 21 को गरजेंगी आशा वर्कर्स

**कुरुक्षेत्र।** आशा वर्कर्स यूनियन की जिला स्तरीय महत्वपूर्ण बैठक जिला प्रधान मनजीत की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक का संचालन जिला सचिव पिंकी ने किया। बैठक में जिला एवं राज्य उपाध्यक्ष रानी देवी सहित अन्य पदाधिकारी और आशा वर्कर्स मौजूद रहीं। बैठक में 21 जुलाई को पंचकूला स्थित एनएचएम निदेशक कार्यालय पर आयोजित राज्यस्तरीय रैली तथा 10 अगस्त को प्रस्तावित जिला स्तरीय 'जेल भरो आंदोलन' की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। 7 जुलाई को सीएमओ कार्यालय पर प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया।

## पुलिस अधीक्षक चंद्र मोहन ने सुनीं आमजन की समस्याएं

# थाना सदर थानेसर में लगा तीसरा जनता दरबार, 21 शिकायतों का मौके पर समाधान

थाना परिसर का निरीक्षण कर साफ-सफाई, अभिलेखों के रखरखाव और प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर दिए दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

आमजन की समस्याओं को समझने और उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कुरुक्षेत्र पुलिस द्वारा शुरू की गई विशेष जनता दरबार मुहिम के तहत शुक्रवार को थाना सदर थानेसर में तीसरा जनता दरबार आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक चंद्र मोहन ने स्वयं लोगों की शिकायतें सुनीं और कई मामलों का मौके पर ही समाधान कराया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य उन नागरिकों की समस्याओं का समाधान करना है, जिनकी शिकायतों का निस्तारण थाना स्तर पर नहीं हो पा रहा है या जो जिला मुख्यालय तक पहुंचने में असमर्थ हैं। जनता दरबार में थाना क्षेत्र के जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक चंद्र मोहन ने थाना परिसर में आयोजित जनता दरबार के दौरान प्राप्त शिकायतों पर सुनवाई करते हुए कई मामलों का मौके पर निपटारा किया तथा शेष मामलों में थाना प्रभारी को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने थाना परिसर का निरीक्षण कर साफ-सफाई, अभिलेखों के रखरखाव और प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर भी जरूरी दिशा-निर्देश दिए। इसके अलावा पुलिस अधीक्षक ने थाना में तैनात सभी अनुसंधान अधिकारियों की बैठक लेकर लंबित शिकायतों और मामलों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन की शिकायतों का निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। पत्रकारों से बातचीत में पुलिस अधीक्षक ने बताया कि यह कार्यक्रम केवल शिकायत सुनने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके माध्यम से थाने की कार्यप्रणाली, दैनिक कामकाज और लंबित मामलों की भी गहन समीक्षा की जाती है। उन्होंने बताया कि थाना सदर थानेसर में आयोजित जनता दरबार में 30 से अधिक शिकायतकर्ता पहुंचे, जिनमें से 21 शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। शेष मामलों में संबंधित अधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आमजन की शिकायतों में किसी भी प्रकार की देरी व अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



कुरुक्षेत्र। शिविर में पुलिस अधीक्षक को शिकायत सुनाता फरियादी।

### हर सप्ताह जिले के एक थाने में लगेगा जनता दरबार

उन्होंने कहा कि यदि किसी कर्मचारी की लापरवाही सामने आती है तो उसके विरुद्ध भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। जनता दरबार में अधिकांश शिकायतें भूमि विवाद से संबंधित थीं, जिनके समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सभी अनुसंधान अधिकारियों को जनता के प्रति संवेदनशील व्यवहार अपनाने, पुलिस की सकारात्मक छवि बनाए रखने तथा लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जहां भी सुधार की आवश्यकता होगी, वहां आवश्यक कदम उठाए जाएंगे और प्रत्येक सप्ताह जिले के एक थाने में इसी प्रकार जनता दरबार आयोजित किया जाएगा।

# शिकायत केंद्र को डबल बनाने की मांग पर गरजे बिजली कर्मी



पिहोवा। धरने पर बैठे बिजली कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

■ वर्तमान में शहरी शिकायत केंद्र पर आते है 16 हजार उपभोक्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिहोवा

एचएसईबी वर्कर्स यूनियन की ओर से लंबित मांगों को लेकर एसडीओ सबडिवीजन के खिलाफ दो घंटे रोष प्रदर्शन किया गया। इसकी अध्यक्षता सब यूनिट प्रधान बलिंद्र सिंह ने की। जबकि मंच संचालन सह सचिव हरभजन सिंह ने किया। यूनिट प्रधान बलबीर रंगा ने बताया कि यूनियन की मांग शहरी शिकायत केंद्र को विभाजित कर दो शिकायत केंद्र स्थापित करने की है। वर्तमान में शहरी शिकायत केंद्र के तहत लगभग 16 हजार उपभोक्ता आते हैं। जबकि विभागीय नियमों के अनुसार प्रत्येक 4 हजार उपभोक्ताओं पर एक शिकायत केंद्र होना चाहिए। यूनियन ने आरोप लगाया कि अत्यधिक कार्यभार के कारण पहले भी एक कर्मचारी की मृत्यु हो चुकी है। कई कर्मचारी करंट लगने की घटनाओं का शिकार हो चुके हैं। इसके अतिरिक्त अधिक कार्यभार के चलते कर्मचारियों और उपभोक्ताओं के बीच प्रतिदिन विवाद की स्थिति पैदा होती रहती है। सचिव रणजीत सिंह ने बताया कि सतोड़ा और गलेडवा शिकायत केंद्रों और 33 केवी सब-स टेशन ईशाक, बाखली व गुलडेहरा में कार्यरत कई कर्मचारी नई जॉइनिंग सूची में चयनित होकर नौकरी छोड़ चुके हैं। जिससे इन केंद्रों और सब-स्टेशनों पर कर्मचारियों की भारी कमी हो गई है। इस संबंध में विभाग को आवश्यक कर्मचारियों की नियुक्ति करने की मांग से पहले ही अवगत कराया जा चुका है। यूनियन के अनुसार इन मांगों के समाधान के लिए विभाग को 25 जून तक का समय दिया गया था। लेकिन ना तो यूनियन के साथ कोई वार्ता की गई और ना ही समस्याओं के समाधान के लिए कोई ठोस कदम उठाया गया। इसे लेकर यूनियन को विरोध प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होगें।



### आयुष विवि के बीएमडी कैंप में 36 रोगियों की मिली हड्डी कमजोर, 20 मरीजों की रिपोर्ट आई सामान्य

**थानेसर।** श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान के मार्गदर्शन में आयुर्वेदिक अस्पताल में शल्य तंत्र विभाग द्वारा निशुल्क बीएमडी कैंप लगाया गया। कैंप में 68 रोगियों की हड्डियों की जांच के साथ-साथ स्वास्थ्य परीक्षण एवं आयुर्वेदिक परामर्श किया गया। बीएमडी जांच में बड़ी संख्या में मरीजों में हड्डियों की कमजोरी एवं अस्थि क्षय की समस्या पाई गई। 36 रोगियों में हड्डियों की प्रारम्भिक कमजोरी मिली। 12 रोगियों को अस्थि क्षय तथा 20 मरीजों की सामान्य रिपोर्ट आई। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने बताया कि लगभग 70 फीसदी मरीजों में हड्डियों की कमजोरी पाई गई, जो बढ़ती आयु, कैल्शियम एवं विटामिन-ऊ की कमी, धूप की कमी, शारीरिक निष्क्रियता तथा असंतुलित जीवनशैली का परिणाम हो सकती है। शिविर में सभी मरीजों को उनकी प्रकृति एवं रोग की अवस्था के अनुसार निःशुल्क आयुर्वेदिक परामर्श एवं औषधियां प्रदान की गईं। साथ ही कैल्शियम युक्त संतुलित आहार, नियमित योग एवं व्यायाम तथा स्वस्थ दिनचर्या अपनाने की सलाह दी गई।

### कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में धूमधाम से मनाई जाएगी भारत रत्न गुलजारीलाल नंदा की 128वीं जयंती

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय एवं कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में भारत रत्न एवं देश के प्रधानमंत्री स्वर्गीय गुलजारीलाल नंदा की 128वीं जयंती 4 जुलाई 2026 को सेवा, संस्कार और स्वदेशी की भावना के साथ श्रद्धापूर्वक मनाई जाएगी। केन्द्र की निदेशिका प्रो. शुचिस्मिता ने बताया कि समारोह में हवन-यज्ञ, प्रथम रक्तदान शिविर, पौधारोपण, पुष्पांजलि, स्वदेशी प्रदर्शनी, भजन संध्या, महाआरती तथा पुरस्कार वितरण सहित अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरियाणा सरकार के पूर्व मंत्री सुभाष सुधा होंगे। समारोह की अध्यक्षता कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा करेंगे, जबकि उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। प्रो. शुचिस्मिता ने बताया कि प्रातःकालीन कार्यक्रम भारत रत्न गुलजारीलाल नंदा संग्रहालय एवं पुस्तकालय, ब्रह्मसरोवर में आयोजित होंगे। सुबह 8.00 बजे हवन-यज्ञ से कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। इसके पश्चात पूर्णाहुति, रक्तदान शिविर, पुष्पांजलि, पौधरोपण, प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा स्वदेशी प्रदर्शनी का आयोजन होगा।



# लिपिकों को मिली अतिरिक्त वेतन वृद्धियां, कर्मचारियों में खुशी की लहर

■ 2020 से पहले के लिपिकों को मिलेंगे तीन इन्क्रीमेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

हरियाणा सरकार के वित्त विभाग द्वारा क्लेरिकल एसोसिएशन वेलफेयर सोसाइटी हरियाणा की मांग को स्वीकार करते हुए 2020 से पहले के लिपिकों को तीन और 2020 बैच के लिपिकों को दो अतिरिक्त वेतन वृद्धियां यानि इन्क्रीमेंट प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। इस फैसले से प्रदेशभर के लिपिकीय कर्मचारियों में खुशी का माहौल है। क्लेरिकल एसोसिएशन वेलफेयर सोसाइटी कुरुक्षेत्र की जिला प्रधान मंजू सिरोही ने इस उपलब्धि का श्रेय संगठन के सभी पदाधिकारियों,सदस्यों और पूरे लिपिक वर्ग को देते हुए कहा कि उनकी मेहनत, समर्पण और एकजुटता के कारण यह सफलता संभव हो सकी। उन्होंने कहा कि संगठन आज लिपिकीय कर्मचारियों की एकता, सम्मान और अधिकारों की मजबूत आवाज बनकर उभरा है। जिला प्रधान ने बताया कि यह उपलब्धि भारतीय मजदूर संघ के निरंतर मार्गदर्शन, सहयोग तथा प्रदेशभर के हजारों लिपिकीय कर्मचारियों की एकजुटता का परिणाम है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की लंबे समय से चली आ रही मांग पर सकारात्मक निर्णय लेकर हरियाणा सरकार ने कर्मचारी हित में सराहनीय कदम उठाया है। उन्होंने हरियाणा सरकार और भारतीय मजदूर संघ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार ने लिपिक वर्ग की मांगों पर गंभीरता से विचार कर कर्मचारी हितैषी निर्णय लिया है।



कुरुक्षेत्र। जानकारी देती जिला प्रधान मंजू सिरोही। फोटो : हरिभूमि

### भाजपा की गुटबंदी आई सड़क पर : अशोक अरोड़ा

**कुरुक्षेत्र।** थानेसर के कांग्रेस विधायक एवं हरियाणा के पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा ने भारतीय जनता पार्टी पर तंज कसते हुए कहा है कि रेवाड़ी में मुख्यमंत्री नायब सैनी के कार्यक्रम में क्षेत्र के सांसद एवं केंद्र के राज्यमंत्री राव इंद्रजीत सिंह सहित तीन विधायकों व जिला के सैंकड़ों भाजपा पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री तथा केंद्रीय कृषि मँत्री शिवराज चौहान सिंह की रैली से दूरी बनाई। उन्होने तंज कसते हुए कहा कि भाजपा के नेता कांग्रेस में गुटबाजी होने का आरोप लगाते हैं जबकि भाजपा की गुटबाजी सड़क तक आ गई है। इतना ही नहीं फरीदाबाद में एक मंत्री पहले उद्घाटन करके चले जाते हैं और केंद्रीय मंत्री 10 मिनट बाद उद्घाटन करते हैं। मंत्री राव नरबीर सिंह और राव इंद्रजीत सिंह के बीच की लड़ाई किसी से छुपी नहीं हुई है। अशोक अरोड़ा ने आरोप लगाया कि गत दिवस रेवाड़ी में मुख्यमंत्री नायब सैनी और केंद्रीय मंत्री के जलसे से यहां के सांसद और 3 स्थानीय विधायक नदारद रहे। उस क्षेत्र के सांसद केंद्रीय मंत्री भी है। अरोड़ा ने हरियाणा और राजस्थान के बीच जल समझौते पर कहा कि जो पानी राजस्थान को देने के लिए समझौता किया गया है, वह पानी दक्षिणी हरियाणा में देना चाहिए था। अरोड़ा ने कहा कि यह समझौता केंद्र सरकार के दबाव में किया गया है। उन्होने कहा कि पिछले 12 वर्षों से केंद्र और हरियाणा में भाजपा की सरकार है। एसवाईएल का मामला किसी भी अदालत में विचाराधीन नही है, हरियाणा के हक में फैसला हो चुका है। सतलुज का पानी हरियाणा में लाने की जिम्मवारी केंद्र सरकार की है लेकिन आज तक इसके लिए कोई प्रयास नही किया गया।



# पार्टी की नीतियों को बूथ स्तर तक पहुंचाता है भाजपा कार्यकर्ता : सैनी

■ गीता कमल में श्यामा प्रसाद मुखर्जी की याद में हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

भारतीय जनता पार्टी की ओर से गीता कमल भाजपा कार्यालय में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की स्मृति में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश सैनी ने की। रमेश सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता बूथ स्तर तक पार्टी की नीतियों और गतिविधियों को पहुंचाने का कार्य करता है। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। राजकुमार सैनी ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक महान राष्ट्रवादी, शिक्षाविद एवं भारतीय जनसंघ के संस्थापक थे। डॉ. मुखर्जी स्वतंत्र भारत के प्रथम उद्योग मंत्री रहे, लेकिन 1950 में नेहरू-लियाकत समझौते के विरोध में उन्होंने मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया। जम्मू-कश्मीर में बिना परमिट प्रवेश करने के दौरान गिरफ्तार किए गए। 23 जून 1953 को हिरासत के दौरान उनका निधन हो गया।




कुरुक्षेत्र। बैठक में मंचासीन भाजपा के नेता। फोटो : हरिभूमि



### प्रो. महासिंह पूनिया बने कुवि में हिंदी विभागाध्यक्ष

**थानेसर।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के आदेशानुसार प्रो. महासिंह पूनिया ने शुक्रवार को विश्वविद्यालय के हिंदी विभागाध्यक्ष (चेयरपर्सन) का कार्यभार विधिवत ग्रहण कर लिया। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार उन्हें तत्काल प्रभाव से अगले आदेशों तक हिंदी विभाग के चेयरपर्सन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रो. महासिंह पूनिया वर्तमान में विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ इंटीग्रेटेड एंड ऑनर्स स्टडीज में हिंदी के प्रोफेसर हैं तथा इसके साथ जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान व लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक पद का दायित्व भी संभाल रहे हैं। उन्हें यह अतिरिक्त दायित्व उनके वर्तमान कार्यों के साथ सौंपा गया है। कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत उन्होंने कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा का आभार प्रकट करते हुए कहा कि विभाग में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, शोध, भारतीय भाषाओं के संवर्धन तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी।

# सत्य, साधना और समरसता के प्रतीक थे संत कबीरदास : ज्ञानानंद महाराज

■ भारतीय संस्कृति की सर्वधर्म सम्भाव के रत्न थे कबीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने कहा कि संत कबीर भारतीय संस्कृति की सर्वधर्म समभाव और वसुधैव कुटुंबकम परंपरा के संवाहक के साथ इतिहास के अनमोल रत्न थे। उन्होंने किसी भी धर्म, सम्प्रदाय और जाति की परवाह किए बिना खरी खरी बात कही। गीता मनीषी सत गुरु श्री कबीर साहेब जी के 629वें राज्य स्तरीय प्रकाश उत्सव पर आयोजित सामाजिक समरसता सम्मेलन में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। गीता ज्ञान संस्थानम के सभागार में आयोजित सम्मेलन में सामजिक समरसता का संदेश दिया और सभी धर्मों व जाति के लोगों ने संत कबीर के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। सम्मेलन की अध्यक्षता चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर विजय कायत ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के तौर पर कुरुक्षेत्र सांसद कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह और स्वामी संगम नाथ मौजूद रहे। जीओ गीता के सचिव मदन मोहन छाबड़ा ने मंच का संचालन किया और संत कबीर को नमन किया।




कुरुक्षेत्र। लोगों को संबोधित करते गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद। फोटो : हरिभूमि

## मैसी प्रधान ने सांसद नवीन जिंदल के नाम लिखा पत्र

# कन्या स्कूल के लिए स्थानांतरण व विस्तार की उठाई मांग

कक्षाओं में पर्याप्त स्थान का अभाव, खेल मैदान व आधुनिक शैक्षणिक सुविधाओं की कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

महाराजा शिक्षा सम्मान योजना (मैसी) नगर की ऐसी संस्था है जो करीब डेढ़ दशक से सैंकड़ों आर्थिक तौर पर कमजोर परिवारों के बच्चों को शिक्षित करने का कार्य कर रही है। इस संस्था के सहयोग से कई युवा शिक्षित होकर देश विदेश में उच्च पदों पर भी आसीन हो चुके हैं। महाराजा शिक्षा सम्मान योजना (मैसी) ने अब बच्चों को शिक्षित करने के कार्य के साथ शिक्षण संस्थानों के विकास के लिए भी सक्रिय होने का कार्य किया है। मैसी के प्रधान मुनीष मित्तल ने बताया कि संस्था ने इसी कड़ी में कुरुक्षेत्र के रेलवे रोड स्थित राजकीय कन्या विद्यालय के स्थानांतरण एवं विस्तार की मांग उठाई है। महाराजा अग्रसेन शिक्षा सम्मान योजना कुरुक्षेत्र के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के सांसद नवीन जिंदल को पत्र लिखकर रेलवे रोड स्थित राजकीय कन्या उच्च विद्यालय के लिए नवीन एवं विशाल भवन का निर्माण कर विद्यालय को उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित किए जाने की मांग की है। मैसी के पदाधिकारियों ने सांसद को लिखे पत्र में कहा है कि रेलवे रोड स्थित राजकीय कन्या उच्च विद्यालय वर्तमान समय में अत्यंत सीमित परिसर में संचालित हो रहा है, जबकि यहां छात्राओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। विद्यालय का भवन छात्राओं की आवश्यकता के अनुरूप नहीं है। कक्षाओं में पर्याप्त स्थान का अभाव, खेल मैदान का न होना तथा आधुनिक शैक्षणिक सुविधाओं की कमी के कारण छात्राओं को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। संस्था ने सुझाव दिया है कि रेलवे रोड के समीप स्थित खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय परिसर में उपलब्ध सरकारी भूमि पर राजकीय कन्या उच्च विद्यालय का आधुनिक एवं सुविधायुक्त भवन निर्मित कर विद्यालय को वहां स्थानांतरित किया जाए।



कुरुक्षेत्र। संस्था के पदाधिकारी ज्ञापन सौंपते हुए।

